**पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय मलांजखंड, बालाघाट (म.प्र.)**

**विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक**

**दिनांक: 31/07/2026 समय:** 12:00 **बजे** अपराह्न

**बैठक के कार्यवृत्त**

**Minutes of the Meeting**

1. दिनांक: 31/07/2026, समय: 12:00 बजे अपराह्न माननीय नामित अध्यक्ष, विद्यालय प्रबंधन समिति/ कार्यकारणी समिति, केंद्रीय विद्यालय मलांजखंड एवं श्रीमान् अनुविभागीए अधिकारी की अध्यक्षता में विद्यालय प्रबंधन समिति/ कार्यकारणी समिति की बैठक का आयोजन विद्यालय में सम्माननीय अन्य सदस्यों की उपस्थिति में संपन्न हुई | जिसमें समिति के निम्नलिखित सदस्यों ने अपनी उपस्थिति दी |
   i. श्री अर्पित गुप्ता, एस डी एम, बैहर /नामित अध्यक्ष वि.प्र. समिति पीएम श्री के.वि. मलांजखंड
   ii. श्री पी.के सोनकिया, शिक्षा विद्व, पूर्व प्राचार्य गवर्नमेंट हाई सेकेंडरी स्कूल मोहगांव
   iii. श्री ललित मिश्रा पूर्व प्राचार्य गवर्नमेंट हाई सेकेंडरी स्कूल बिरसा
   iv. श्रीमती योगिता घोड़ेश्वर, अभिभावक सदस्य के.वि. मलांजखंड
   v. श्री सौरभ शर्मा, अभिभावक सदस्य के.वि. मलांजखंड
   vi. श्री नरेश मारन, मुख्य चिकित्सा अधिकारी सदस्य के.वि. मलांजखंड
   vii. श्री हरीश कुमार फुंडे प्राथमिक शिक्षक (संगीत) केंद्रीय विद्यालय मलान्ज्खंड
   viii. डॉ. श्री संतोष कुमार प्रसाद , प्राचार्य / सदस्य सचिव, वि.प्र.स. पीएम श्री के.वि. मलांजखंड
   ix. श्री दिनेश बाघमारे, सीएमओ, नगर परिषद् मलान्ज्खंड (प्रतिनिधि: श्री राजेश नागेन्द्र- उपस्थित)
   x. श्रीमती ज्योति तारम, एसडीओ, पी डब्लू डी, बैहर, बालाघाट
2. बैठक का प्रारंभ माँ सरस्वती के पूजन एवं माल्यार्पण के साथ हुआ, तदुपरांत संस्था के प्राचार्य/ सचिव डॉ. श्री संतोष कुमार प्रसाद ने पूर्व बैठक दिनांक 29/01/2026 की समीक्षा आख्या के साथ-साथ विद्यालय प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया।
3. **पूर्व बैठक दिनांक 29-01-2026 का पालन प्रतिवेदन:** पिछले बैठक में लिए गए निर्णय अनुसार कार्य कि पूर्णता पर संतोष व्यक्त किया गया। पिटीए के गठन कि स्वीकृति प्रदान कि गई। निस्तारीकरण समिति के गठन कि स्वीकृति प्रदान कि गई। स्कूल बिल्डिंग एवं बाउंड्री वॉल का रिपेयर, मेंटेनेस तथा पेंटिंग कार्य को यथाशीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया गया।
4. **सत्र 2025-26 के शैक्षणिक परिणाम तथा अन्य उपलब्धियां:** समिति द्वारा चर्चा उपरांत इस पर संतोष व्यक्त किया गया , साथ ही और अधिक गुणात्मक सुधार हेतु निर्देश दिए गए।
5. **पीएम श्री योजना कि अनुपालन रिपोर्ट-2025-26:** विद्यालय प्रबंधन समिति ने विद्यालय में पीएम श्री योजना के अंतर्गत किये गए कार्यो पर चर्चा उपरांत सराहना की, साथ ही विद्यालय में हुए सकारात्मक बदलाव को महसूस करते हुए टीम मलांजखंड को अपनी शुभकामनाएं प्रेषित कि।
6. **पीएम श्री योजनान्तर्गत वर्ष-2026-27 के लिए बजट:** पीएम श्री योजनान्तर्गत वर्ष-2026-27 के लिए बजट पर में विस्तृत चर्चा उपरांत एवं क्रमानुसार सभी शीर्ष के अतर्गत वित्तीय सीमा के अन्दर व्यय के अनुमोदन का प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया।
7. **विद्यालय विकास निधि (VVN) से निर्धारित व्यय सीमा तक व्यय कि मंजूरी का प्रस्ताव (सूची संलग्न):** विद्यालय विकास निधि (VVN) से निर्धारित व्यय सीमा तक व्यय कि मंजूरी का प्रस्ताव (सूची अनुसार) स्वीकृत किया गया। विद्यालय में कंप्यूटर कि कमी को रेखांकित करते हुए इसकी प्रतिपूर्ति यथाशीघ्र करने का निर्देश दिया गया। केंद्रीय विद्यालय संगठन के नियमानुसार नए 35 कंप्यूटर डेस्कटॉप हाई कॉन्फ़िगरेशन के खरीदी हेतु अनुमोदन का प्रस्ताव को मंजूरी दी गई।
8. **स्कूल के प्रार्थना सभा मंच में फाइबर/ एसएस शीट से मानसून शेड तैयार करवाना:** स्कूल के प्रार्थना सभा मंच खुला होने के कारण गर्मी एवं बरसात परेशानी का सामना करना पड़ता है अतः प्रार्थना सभा मंच में फाइबर/एसएस शीट से मानसून शेड तैयार करवाना आवश्यक है। जिला प्रशासन से सहयोग कि उम्मीद है, हालाँकि विद्यालय को अपने संसाधन से भी इस कार्य हेतु प्रयास करने के निर्देश दिए गए।

9. बच्चो की की सुरक्षा एवं परिवहन के सुरक्षित पार्किंग हेतु विद्यालय प्रवेश द्वार के सामने पार्किंग एरिया में मुरुम या बजरी डलवाने में CMO नगरपालिका से अपेक्षित सहयोग हेतु निर्देश दिए गए।
10. शिक्षकों कि कमी कि समस्या को देखते हुए पुनः कुछ विषयों में साक्षात्कार आयोजित करवाने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान कि गई।

(प्राचार्य)
प्राचार्य / Principal
पीएम श्री के वि मलांजखंड
PM SHRI KV Malanjkhand

**प्रतिहस्ताक्षरित**

नामित अध्यक्ष
वि.प्र. समिति पीएम श्री के वि. मलांजखंड

अध्यक्ष/नामित अध्यक्ष
Chairman/ Nominee Chairman
वि.प्र.स.पीएम श्री के वि मलांजखंड
VMC PM SHRI KV Malanjkhand